# राज ऋषि भर्तृहरि मत्स्य विश्वविद्यालय, अलवर

क्रमांक : रात्रभमवि/अल/परीक्षा–2021/1043 दिनांक : 16/06/2021

**बी.एड़, बी.एड. स्पेशल, बी.ए–बी.एड./बी.एस.सी.–बी.एड़, एल.एल.बी. (पूरक). परीक्षा–2021 के परीक्षा फार्म भरवाने सम्बन्धी विज्ञप्ति**

राज ऋषि भर्तृहरि मत्स्य विश्वविद्यालय से सम्बद्वता प्राप्त अलवर जिले के समस्त B.Ed., B.Ed. (Special), B.A.-B.Ed./B.Sc-B.Ed Exam-2021 एवं L.L.B. (Due & Supplimentary) Exam-2020 के परीक्षार्थियों को सूचित किया जाता है कि उनके परीक्षा फार्म बेबसाईट www.rrbmuniv.ac.in एवं www.univindia.org से भरने की तिथियां निम्नानुसार हैं –

| | |
|---|---|
| बिना विलम्ब शुल्क | दिनांक 18.06.2021 से 22.06.2021 |
| 100/–रूपये विलम्ब शुल्क सहित | दिनांक 23.06.2021 से 25.06.2021 |

परीक्षा आवेदन–पत्र भरने हेतु विस्तृत दिशा–निर्देश, परीक्षा फीस के विवरण की सूचना विश्वविद्यालय की बेबसाईट **www.rrbmuniv.ac.in** पर अपलोड कर दी गई है।

नोट :–

1. परीक्षा फॉर्म भरने सम्बन्धी समस्या के लिए हेल्पलाईन नम्बर 0144–2730321 पर सम्पर्क कर सकते है।
2. विश्वविद्यालय में डाक द्वारा प्राप्त परीक्षा फार्मों पर विचार नहीं किया जाएगा। अतः ऐसे परीक्षा फार्म स्वतः ही निरस्त समझे जाएंगे।

परीक्षा नियंत्रक

क्रमांक : राऋभमवि / अल / परीक्षा–2021 / 1044–1051 दिनांक : 16/06/2021

<u>प्रतिलिपि सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्यवाही हेतु निम्न को प्रेषित है :–</u>

1. (i) समस्त सम्बद्ध महाविद्यालयों को प्रेषित कर लेख है कि वे यह सुनिश्चित कर लें कि नियमित, पूर्वछात्र परीक्षार्थियों के परीक्षा फॉर्म सही है एवं परीक्षा फॉर्म की हार्ड कॉपी वांछित दस्तावेजों के साथ संलग्न है।
2. निर्धारित परीक्षा शुल्क का विवरण दिशा–निर्देश में अंकित है जो विश्वविद्यालय वेबसाईट www.rrbmuniv.ac.in एवं www.univindia.org पर उपलब्ध है। **विश्वविद्यालय से किसी भी प्रकार के पत्र व्यवहार में कृपया महाविद्यालय कोड़ एवं सम्पर्क सूत्र (मोबाईल एवं ई–मेल) आवश्यक रूप से अंकित करें।**

   (ii) विश्वविद्यालय से सम्बद्ध महाविद्यालयों को विश्वविद्यालय द्वारा उपरोक्त पाठ्यक्रमों हेतु आवंटित सीटों एवं आंवटित विषयों के अनुसार ही नियमित छात्रों से फॉर्म भरवाए गए है इस आशय का शपथ–पत्र संबंधित प्राचार्यो द्वारा परीक्षा फार्मों के साथ संलग्न करना होगा।

   (iii) सम्बन्धित महाविद्यालय, परीक्षा आवेदन– पत्र अग्रेषित करने से पूर्व यह सुनिश्चित करेंगे कि परीक्षार्थी उस कक्षा की पात्रता पूर्ण करता है तथा उसके परीक्षा आवेदन–पत्र की सम्पूर्ण प्रविष्टियाँ पूर्ण रूप से सही भरी जा चुकी है। यदि आवेदन–पत्र में किसी प्रकार की प्रविष्टि जैसे– परीक्षार्थी के निर्धारित स्थान पर हस्ताक्षर, पूर्व में उत्तीर्ण किए गए अनिवार्य विषयों के नाम, प्राप्त अंकों का विवरण, पूर्व की परीक्षा के अनुक्रमांक अथवा परीक्षार्थी के नामांकन आदि नहीं पाये जाते हैं तो उन्हें परीक्षार्थी द्वारा पूर्ण करवाने के पश्चात ही परीक्षा आवेदन–पत्र अग्रेषित करें। महाविद्यालय द्वारा यह ध्यान रखा जाना है कि आवेदन–पत्र की विश्वविद्यालय प्रति ऊपर रखें उसके बाद पूर्व में उत्तीर्ण आवश्यक अंकतालिकाएँ आदि संलग्न हो। उपरोक्त कारणों से परीक्षा आवेदन पत्र निरस्त होने की स्थिति में सम्बन्धित महाविद्यालय ही जिम्मेवार होगा।
3. प्रभारी अधिकारी, सूचना प्रौद्योगिकी, राज ऋषि भर्तृहरि मत्स्य विश्वविद्यालय, अलवर को प्रेषित कर लेख है कि विज्ञप्ति को विश्वविद्यालय की वेबसाइट पर प्रसारित करवाने की व्यवस्था करें।
4. वित्त नियंत्रक, राज ऋषि भर्तृहरि मत्स्य विश्वविद्यालय, अलवर को प्रेषित कर लेख है कि वे यह सुनिश्चित करने का श्रम करें कि परीक्षा–2021 हेतु बैंक गेटवे द्वारा जमा की गई परीक्षा शुल्क राशि विश्वविद्यालय के मुख्य बैंक खातों में जमा करवा दी गई है एवं जमा विवरण प्राप्त कर Reconcileकरने का श्रम करें।
5. मीडिया प्रभारी, राज ऋषि भर्तृहरि मत्स्य विश्वविद्यालय, अलवर को प्रेषित कर लेख है कि विज्ञप्ति को प्रमुख समाचार पत्रों में एक बार प्रकाशित करवाने एवं समाचार के रूप में भी प्रकाशित करवाने की व्यवस्था करें।
6. प्रबन्धक, सम्बन्धित बैंक, अलवर।
7. निजी सचिव, माननीय कुलपति महोदय / कुल सचिव, राज ऋषि भर्तृहरि मत्स्य विश्वविद्यालय, अलवर।
8. समस्त अनुभाग अधिकारी परीक्षा संचालन व गोपनीय अनुभाग / शैक्षणिक– द्वितीय / सेलर–I, परीक्षा विविध, रिकार्ड शाखा, राज ऋषि भर्तृहरि मत्स्य विश्वविद्यालय, अलवर।
9. सम्बन्धित कम्प्यूटर फर्म।

Ashutosh

परीक्षा नियंत्रक

# राज ऋषि भर्तृहरि मत्स्य विश्वविद्यालय, अलवर

क्रमांक : रात्रभमवि / अल / परीक्षा–2021/1043 दिनांक : 16/06/2021

## बी.एड़, बी.एड. स्पेशल, बी.ए–बी.एड. / बी.एस.सी.–बी.एड़, एल.एल.बी. (पूरक). परीक्षा–2021 के परीक्षा फार्म भरवाने सम्बन्धी विज्ञप्ति

1. **ऑनलाईन परीक्षा शुल्क एवं आवेदन–पत्र**

(अ) सर्वप्रथम छात्र वेबसाईट www.rrbmuniv.ac.in एवं www.univindia.org पर संबंधित कक्षा की श्रेणी (यथा नियमित / पूर्व छात्र) का चयन कर अध्ययन किए गए विषयों का चयन करते हुए परीक्षा फॉर्म भरेंगे।

(ब) फॉर्म ऑनलाईन पूर्ण भरने के पश्चात भरे गए फॉर्मके आधार पर विश्वविद्यालय के पोर्टल पर ही शुल्क का निर्धारण होगा। इस चरण में फॉर्म प्रिंट नहीं होगा केवल फीस निर्धारित होगी। निर्धारित परीक्षा शुल्क की अदायगी ऑनलाईन आवेदन प्रक्रिया में निर्दिष्ट ऑनलाईन पेमेन्ट गेटवे के माध्यम से नेट बैकिंग / डेबिट कार्ड / क्रेडिट कार्ड आदि से ही करनी होगी। शुल्क अन्य किसी माध्यम से जमा नहीं होगा। परीक्षा शुल्क जमा होने के बाद परीक्षा फॉर्म का प्रिंट (दो प्रतियों में) ले सकेंगे।

(स) शारीरिक रूप से विकलांग, नेत्रहीन, मूक बधिर (स्थाई / आंशिक) छात्रों को केवल परीक्षा शुल्क की छूट है। इस संबंध में कनिष्ठ विशेषज्ञ द्वारा हस्ताक्षरित प्रमाण–पत्र जो कि राजकीय मेडीकल ऑफीसर से प्रति हस्ताक्षरित हो आवेदन–पत्र के साथ संलग्न करना आवश्यक हैं अन्य निर्धारित शुल्क देय होगा।

(द) परीक्षा फॉर्म की हार्ड कॉपी पर यथा स्थान हस्ताक्षर कर मय आवश्यक दस्तावेजों, पूर्व में उत्तीर्ण अंकतालिकाओं आदि के साथ परीक्षा फॉर्म पर अंकित संबंधित महाविद्यालय में जमा करवाना होगा।

**परीक्षार्थी ध्यान रखें :–**

(अ) यदि परीक्षा फॉर्म में छपी हुई कोई भी सूचना सही नहीं है या आपके विवरण से मेल नहीं खाती है तो इसे निरस्त मान कर प्रारम्भ से नया परीक्षा फॉर्म भरें।

(ब) परीक्षा फॉर्म में मुद्रित सभी सूचनाऐं सही होने पर ही भुगतान की प्रक्रिया हेतु आगे बढ़े।

(स) एक बार परीक्षा शुल्क जमा करवाने के पश्चात शुल्क वापस नहीं होगा।

2. अधिनियम–323 के अनुसार बी.एड़ के नियमित परीक्षार्थीयों All Cource Work & Practical में 80% तथा School internship में 90% उपस्थिति अनिवार्य है। इससे कम उपस्थिति वाले परीक्षार्थियों की सम्बन्धित महाविद्यालय से प्राप्त सूची के आधार पर वे नियमित परीक्षार्थी के रूप में परीक्षा में सम्मलित नही हो सकेगें। सम्बन्धित महाविद्यालय के प्राचार्य उक्तानुसार कम उपस्थिति वाले परीक्षार्थियों की सूची सत्र 2020–21 पूर्ण होने के पश्चात् रूपये 50/– के स्टाम्प पेपर पर निम्न प्रोफार्मा में विश्वविद्यालय को भेजेगें।

### शपथ पत्र

**मैं..............................प्राचार्य ........................कॉलेज कोड नं....................शपथ पूर्वक बयान करता हूँ कि महाविद्यालय में सभी छात्रों का प्रवेश PTET-2020 की सूची के अनुसार ही किया गया है तथा निम्न विद्यार्थियों के अतिरिक्त सभी ने बी.एड पार्ट प्रथम एवं द्वितीय परीक्षा –2021 के लिए नियमानुसार All Cource Work & Practical मे 80% तथा School Intership में 90% उपस्थिति पूर्ण कर ली है :–**

| क्र.सं. | परीक्षा फार्म संख्या | छात्र का नाम | पिता का नाम | कुल कार्य दिवस | उपस्थिति दिवस | उपस्थिति का प्रतिशत |
|---|---|---|---|---|---|---|
| | | | | | | |
| | | | | | | |

प्राचार्य

3. बी.ए–बी.एड./बी.एस.सी.–बी.एड़ के छात्र–छात्राओं के संदर्भ में उनकी उपस्थिति का ब्यौरा भी उक्त सारिणी अनुसार सम्बन्धित महाविद्यालय के प्राचार्य प्रस्तुत करेंगें।

4. विधि पाठ्यक्रमों के लिये माननीय उच्च न्यायालय के निर्णयानुसार नियमित छात्र/छात्राओं की 75 प्रतिशत उपस्थिति अनिवार्य है। सम्बन्धित महाविद्यालय के प्राचार्य यह सुनिश्चित कर लें।

5. राजस्थान विश्वविद्यालय अधिनियम–182 जो इस विश्वविद्यालय पर भी समान रूप से लागू है, के अनुसार परीक्षा शुल्क एक बार जमा होने के उपरान्त लौटाया नहीं जावेगा।

6. राजस्थान विश्वविद्यालय अधिनियम–168–ए व बी जो इस विश्वविद्यालय पर भी समान रूप से लागू है, के प्रावधानों के अनुसार छात्र एक वर्ष में दो डिग्रियों की परीक्षा नहीं दे सकते है अन्यथा परीक्षार्थी की दोनों परीक्षाएं निरस्त करने का प्रावधान है।

7. अधिनियम–169–H के अनुसार परीक्षा परिणाम घोषित होने/अंकतालिका जारी होने के पश्चात यदि किसी प्रकार की गलती संज्ञान में आती है, तो परीक्षा परिणाम/ अंकतालिका में आवश्यक संशोधन करने का अधिकार विश्वविद्यालय को है।

8. विश्वविद्यालय परीक्षा–2020 में प्रविष्ठ हो चुके छात्रों के परीक्षा फॉर्म पिछली कक्षा के रोल नम्बर से ही भरे जा सकेंगे। इस फॉर्म की जाँच कर लें। इस फॉर्म में अपना ई–मेल आई.डी. मोबाईल नम्बर एवं घर के पते में यदि कोई परिवर्तन हो तो परीक्षार्थियों के लिए संशोधन करने की सुविधा उपलब्ध होगी।

9. विश्वविद्यालय में पहली बार नामांकित होने वाले फ्रेश परीक्षार्थी सम्बन्धित कक्षा का चयन करने के पश्चात जो आवेदन–पत्र खुलता है उसमें सभी प्रविष्ठियों को अपने स्तर पर भरकर तकनीकी विधि से अपना फोटो तथा हस्ताक्षर स्केन कर परीक्षा आवेदन– पत्र के निर्धारित स्थान पर अपलोड करें। ध्यान रहें अपना, पिता व माता का नाम वही भरें जैसा कि बोर्ड/विश्वविद्यालय की पूर्व में उत्तीर्ण परीक्षा की अंकतालिका में अंकित है।

10. निम्न श्रेणी के परीक्षार्थी भी फ्रेश परीक्षा फॉर्म भरेंगे :–
   (अ) ऐसे परीक्षार्थी जो विश्वविद्यालय मुख्य परीक्षा–2020 में बैठे है परन्तु यदि :–
      (I) किसी कारणवश रोल नम्बर से परीक्षा फॉर्म ऑपन नहीं हो रहा है।
      (II) आर.एल./यू.एम. घोषित परीक्षार्थियों का परीक्षा परिणाम यदि किसी कारणवश अभी तक घोषित नहीं हुआ है अथवा डाटा अपडेट नहीं हो सका है।

11. सम्बन्धित महाविद्यालय एवं परीक्षार्थी ध्यान रखें कि चयनित शैक्षणिक विषयों का एक बार चयन कर ऑनलाईन शुल्क जमा करवाने के पश्चात बाद में किसी भी परिस्थिति में बदलाव संभव नहीं होगा।

12. जिन छात्रों ने परीक्षा 2020 में पुनर्मूल्यांकन के लिए आवेदन किया है तथा उनका पुनर्मूल्यांकन परिणाम घोषित नहीं हुआ है, ऐसे छात्र वर्तमान में जो पात्रता रखते है उसके अनुसार निर्धारित समय अवधि में ऑनलाईन आवेदन–पत्र प्रस्तुत करें। पुनर्मूल्यांकन के पश्चात यदि इनका परिणाम परिवर्तित होता है तो परीक्षा फार्म आवश्यक संशोधन के लिए निर्धारित प्रोफार्मा भरकर बकाया शुल्क तथा अंकतालिका की प्रति सहित विश्वविद्यालय में जमा करावें। निर्धारित समय अवधि के पश्चात परीक्षा आवेदन–पत्र स्वीकार नहीं किया जायेगा।

13. बी.एड. भाग प्रथम के परीक्षा आवदेन पत्र के साथ 10+2+3 की अंकतालिकाऐं, पी.टी.ई.टी. 2020 का आवंटन पत्र एवं प्रवेश की रसीद, आरक्षित वर्ग से संबंधित प्रमाण पत्र, विधि प्रथम वर्ष के छात्रों को 10+2+3 की अंकतालिकाऐं तथा आरक्षित वर्ग से सम्बन्धित प्रमाण पत्र, एल.एल.एम. (पार्ट प्रथम)एवं विधि डिप्लोमा के छात्रों को विधि स्नातक एवं आरक्षित वर्ग से संबंधित प्रमाण पत्र तथा बी.ए.–बी.एड, बी.एस.सी–बी.एड के छात्रों को 10+2 की अंकतालिकाओं, पी.टी.ई.टी.

2020 का आवंटन पत्र एवं प्रवेश की रसीद, आरक्षित वर्ग से संबंधित प्रमाण पत्र आदि की छायाप्रति संलग्न करना आवश्यक है। अपरिहार्य दस्तावेज संलग्न न करने की अवस्था में संबंधित छात्र/छात्रा का परीक्षा फार्म स्वतः ही निरस्त कर दिया जावेगा, जिसकी सम्पूर्ण जिम्मेदारी केवल महाविद्यालय की होगी।

14. LL.B.-I, II, III Year के Due Paper का परीक्षा फार्म भरने वाले छात्रों को परीक्षा फार्म के साथ प्रत्येक प्रयास की अंकतालिका की छायाप्रति संलग्न करना आवश्यक होगा, जिनके अभाव में संबंधित छात्र का आवेदन फार्म स्वतः ही निरस्त कर दिया जावेगा। साथ ही महाविद्यालय भी यह सुनिश्चित करने के बाद ही छात्र के फार्म को विश्वविद्यालय में अग्रेषित करें।

15. बी.एड़, बी.ए–बी.एड./बी.एस.सी.–बी.एड़ पार्ट द्वितीय के परीक्षा आवेदन पत्र के साथ पार्ट–प्रथम की अंकतालिका तथा बी.एड भाग द्वितीय के परीक्षा आवेदन पत्र के साथ बी.एड. पार्ट–प्रथम एवं स्नातक/स्नात्तकोतर की अंकतालिकाऐं संलग्न करें।

16. ऐसे छात्र जो बी.एड भाग प्रथम के तीन विषयें तक (अनिवार्य/ऐच्छिक विषय/प्रयोगिक) विषयों में अनुत्तीर्ण हैं वे बी.एड भाग द्वितीय की परीक्षा के साथ प्रविष्ट होगें।

17. ऐसे छात्र जो बी.एड भाग प्रथम एवं द्वितीय के तीन विषयों से अधिक (अनिवार्य/ऐच्छिक विषय/प्रायोगिक) विषयों में अनुत्तीर्ण हैं वे बी.एड भाग प्रथम एवं द्वितीय के प्रायोगिक सहित सभी विषयों में पूर्व छात्र के रूप में प्रविष्ठ होगें। साथ ही जो छात्र आंतरिक मूल्यांकन में अनुपस्थित रहें है उन्हें भी आंतरिक एवं सैद्धान्तिक दोनों में प्रविष्ट होना अनिवार्य है।

18. ऐसे छात्र जो बी.एड भाग द्वितीय के तीन विषयों तक (अनिवार्य/ऐच्छिक विषय/प्रायोगिक) में अनुत्तीर्ण है वे उन विषयों की परीक्षा पूर्व छात्र के रूप में बी.एड भाग द्वितीय की परीक्षा में प्रविष्ट होंगें।

19. ऐसे छात्र जिनकी गत वर्ष उपस्थिति पूर्ण नहीं थी अर्थात जिनकी (Short Attendance) थी वे छात्र परीक्षा आवेदन पत्र भरने के पात्र नही है। महाविद्यालय ऐसे परीक्षा फार्मो को न तो स्वीकार करे अथवा ना ही विश्वविद्यालय को अग्रेषित करें।

20. विश्वविद्यालय नियमानुसार बी.एड परीक्षार्थियों जिस सत्र में नियमित रूप से अध्ययनरत रहे हैं उन्हे उसी सत्र में इन्टर्नशिप पूर्ण करना आवश्यक है। अतः ऐसे पूर्व परीक्षार्थियों जिन्होने नियमित छात्र–छात्रा रहते हुए इन्टर्नशिप पूर्ण नहीं की है, ऐसे छात्र परीक्षा आवेदन हेतु पात्र नहीं है। अतः महाविद्यालय यह सुनिश्चित करलें कि सुपात्र परीक्षार्थी ही परीक्षा हेतु आवेदन पत्र प्रस्तुत करें।

21. परीक्षा फॉर्म जमा करने सम्बन्धी निर्देश :–
(अ) नियमित परीक्षार्थी अपने परीक्षा फॉर्म आवश्यक दस्तावेजों सहित सम्बन्धित महाविद्यालय जिसके वे नियमित परीक्षार्थी हैं वहां पर जमा करवायें।
(ब) पूर्व परीक्षार्थी (Ex-Student)/बकाया प्रश्न–पत्र (Due Paper) परीक्षार्थी परीक्षा फॉर्म की हार्ड कॉपी उसी महाविद्यालय में जमा करवायें, जिस महाविद्यालय से वे नियमित परीक्षार्थी के रूप में अनुत्तीर्ण हुए थे।

22. परीक्षार्थी परीक्षा फार्म को सावधानी पूर्वक भरें, अन्यथा :–
(अ) पूर्व छात्र के फॉर्म में किसी भी प्रकार की गलती (जैसे–नाम, पिता का नाम, माता का नाम, जन्म तिथि, एनरोलमेन्ट न. इत्यादि) हो तो परीक्षा फॉर्म की दोनों प्रतियों में लाल स्याही से ठीक कर प्रमाण सहित संबंधित महाविद्यालय में जमा करायें। बाद में संशोधन करवाने पर बी. एड. पाठ्यक्रमों के संदर्भ में रूपये 1000/– प्रति गलती तथा विधि पाठ्यक्रमों के संदर्भ में रूपये 150/– प्रति गलती परीक्षार्थी द्वारा विश्वविद्यालय में जमा करवाने पर सुधार संभव होगा।
(ब) सम्बन्धित महाविद्यालय नियमित परीक्षार्थी के परीक्षा फॉर्मो की सावधानी पूर्वक जांच करलें। फॉर्म में यदि कोई गलती हो तो दोनो प्रतियों में लाल स्याही से ठीक कर प्रमाण सहित

विश्वविद्यालय को अग्रेषित करें। अन्यथा किसी भी प्रकार की गलती होने पर बी.एड. पाठ्यक्रमों के संदर्भ में रूपये 1000/– प्रति गलती तथा विधि पाठ्यक्रमों के संदर्भ में रू. 150/– प्रति गलती महाविद्यालय द्वारा विश्वविद्यालय को अदा करना होगा।

23. परीक्षार्थी ध्यान रखें कि विश्वविद्यालय में डाक द्वारा प्राप्त परीक्षा फॉर्मो पर विचार नहीं किया जाएगा। अतः ऐसे परीक्षा फॉर्म स्वतः ही निरस्त समझे जाएंगे।

24. ऐसे छात्र जिन्होंने अपनी परीक्षा माध्यमिक शिक्षा बोर्ड, राजस्थान, अजमेर से उत्तीर्ण की है वे अपनी अंकतालिका की सत्यापित कॉपी ऑनलाईन परीक्षा फॉर्म की हार्ड कॉपी के साथ संलग्न करें।

25. जो छात्र पूर्व में ही विश्वविद्यालय में नामांकित हैं अर्थात स्नातक एवं स्नातकोत्तर उत्तीर्ण कक्षा की अंकतालिका की सत्यापित फोटो प्रति परीक्षा आवेदन–पत्र के साथ संलग्न करना आवश्यक है।

26. परीक्षार्थी को विश्वविद्यालय द्वारा आवंटित परीक्षा केन्द्र की सूचना उनके परीक्षा प्रवेश–पत्र में उपलब्ध करायी जायेगी।

27. ऑनलाईन परीक्षा शुल्क जमा कराने के पश्चात निर्धारित समय सीमा में परीक्षा फॉर्म की हार्ड कॉपी संबंधित महाविद्यालय में जमा नहीं कराते हैं, उन्हें सिर्फ परीक्षा शुल्क जमा कराने के आधार पर परीक्षा में सम्मिलित होने की स्वीकृति नहीं दी जाएगी।

28. संबंधित महाविद्यालय, परीक्षा आवेदन–पत्र जमा करने से पूर्व यह सुनिश्चित करेगे कि परीक्षार्थी का नामांकन हो गया है। उस कक्षा की पात्रता पूर्ण करता है तथा उसके परीक्षा आवेदन–पत्र की सम्पूर्ण प्रविष्टियॉ पूर्ण रूप से भरी जा चुकी है। यदि आवेदन–पत्र में किसी प्रकार की प्रविष्टि जैसे– परीक्षार्थी के निर्धारित स्थान पर हस्ताक्षर, पूर्व में उत्तीर्ण किए गये प्रश्न–पत्रों के नाम, पूर्व की परीक्षा के अनुक्रमांक अथवा परीक्षार्थी के नामांकन आदि नही पायें जाते है तो उन्हे परीक्षार्थी द्वारा पूर्ण करवाने के पश्चात् ही परीक्षा आवेदन–पत्र अग्रेषित करें। महाविद्यालय द्वारा यह ध्यान रखा जाना है कि आवेदन–पत्र की कम्प्यूटर प्रति अलग रखें, तथा हार्ड प्रति के साथ मय आवश्यक अंकतालिकाएँ आदि संलग्न हो।

29. **संबंधित महाविद्यालय यह सुनिश्चित करें कि :–**

   1. प्रत्येक बी.एड छात्र अपना परीक्षा आवेदन फार्म पूर्णतः सही एवं स्पष्टतः भरें।
   2. चूंकि School Internship उपस्थिति का पार्ट है अतः प्रत्येक बी.एड छात्र नियमित अध्ययनरत रहते हुए अपनी इन्टर्नशिप समय पर पूर्ण करें। पूर्व छात्र के रूप में इन्टर्नशिप पूर्ण नही की जा सकती है।
   3. प्रत्येक बी.एड छात्र Course work एवं School internship में नियमित रहें तथा समय पर इन्टर्नशिप पूर्ण करें।
   4. प्रत्येक आवेदन फार्म के साथ सभी अर्हकारी परीक्षाओं की अंकतालिकाओ की छायाप्रति ही संलग्न करें। इन्टरनेट द्वारा डाउनलोड की हुई अंकतालिका मान्य नही है।
   5. विश्वविद्यालय नियमानुसार प्रवेश की तिथि से 03 वर्ष के भीतर ही बी.एड. पाठ्यक्रम पूर्ण किया जा सकता है। ऐसी समयावधि पूर्ण होने की स्थिति में किसी भी छात्र का परीक्षा आवेदन पत्र न तो स्वीकार करें ना ही विश्वविद्यालय को अग्रेषित करें।
   6. परीक्षा आवेदन पत्रों के साथ समन्धित महाविद्यालय का विश्वविद्यालय द्वारा जारी सम्बद्वता आदेश की प्रतिलिपि संलग्न करना आवश्यक होगा।

7. महाविद्यालय यह सुनिश्चित करें कि जिस छात्र/छात्रा का परीक्षा फार्म विश्वविद्यालय को अग्रेषित किया जा रहा है वह छात्र/छात्रा विश्वविद्यालय नियमानुसार परीक्षा में बैठने हेतु पूर्णतया योग्य है तथा उसने विश्वविद्यालय नियमानुसार ही विषयों का चयन किया है।

8. महाविद्यालय द्वारा बीएड पूर्व छात्र के परीक्षा आवेदन पत्र विश्वविद्यालय को अग्रेषित करने से पूर्व यह सुनिश्चित किया जाना अनिवार्य है कि जिस छात्र का परीक्षा आवेदन पत्र विश्वविद्यालय को अग्रेषित किया जा रहा है उसकी पूर्व के वर्षो मे कम उपस्थिति नहीं हो तथा परीक्षा अन्तराल के दौरान उसके द्वारा परीक्षा फार्म भरा हो तथा उसे विश्वविद्यालय द्वारा अनुक्रमांक जारी किया गया हो अथवा अंकतालिका जारी की गई हो।

9. महाविद्यालय द्वारा इस विज्ञप्ति में जारी किये गये निर्देशों का पालन ना करने पर विश्वविद्यालय द्वारा इसे गंभीरता से लिया जाएगा तथा महाविद्यालयों पर प्रशासनिक शास्ति लगाई जा सकती है।

30. **<u>महाविद्यालय द्वारा वेबसाईट पर पंजीयन तथा परीक्षा फॉर्म जमा कर अग्रेषित करने की प्रक्रिया :-</u>**
नियमित एवं पूर्व छात्र ऑनलाईन शुल्क जमा करवाकर परीक्षा फार्म की हार्ड कॉपी मय आवश्यक दस्तावेज के संबंधित महाविद्यालय (जो परीक्षा फॉर्म पर मुद्रित हैं) में जमा करवायेंगे। संबंधित महाविद्यालय परीक्षा फॉर्मों को निम्नानुसार कक्षावार व्यवस्थित कर निर्धारित तिथि तक विश्वविद्यालय को सुपुर्द करेंगे :-

**(A) <u>नियमित एवं पूर्व छात्र परीक्षार्थी :-</u>**

(अ) सर्वप्रथम सभी महाविद्यालय उनको आवांटित महाविद्यालय कोड से वेबसाईट www.univindia.org के कॉलेज पोर्टल पर अपना ई-मेल आई.डी. एवं मोबाईल नम्बर का रजिस्ट्रेशन करवायेगें। तत्पश्चात उन्हें महाविद्यालय लॉगइन आई.डी. एवं वन टाईम पासवर्ड (One Time Password) उनके पंजीकृत मोबाईल/ई-मेल आई.डी. पर उपलब्ध कराया जायेगा।

(ब) आनॅलाईन गेटवे द्वारा जमा शुल्क के साथ प्राप्त परीक्षा फॉर्मों की हार्ड कॉपी को कक्षा एवं श्रेणीवार उसी वेबसाईट के कॉलेज पोर्टल पर प्रतिदिन प्रत्येक छात्र के फॉर्म को Verifyबटन पर Verifyकरें। संबंधित कक्षा के सभी फॉर्म Verifyहोने के पश्चात प्रिंट ऑप्सन पर जाकर Nominal Roll का प्रिंट लें। तत्पश्चात Nominal Roll लिस्ट के क्रम के अनुसार ही परीक्षा फॉर्मों को व्यवस्थित कर Nominal Roll लिस्ट के साथ विश्वविद्यालय में स्वयं जमा करवायें।

(स) महाविद्यालय ध्यान रखे – उक्त प्रक्रिया के अभाव में परीक्षा फार्म स्वीकार नहीं किये जा सकेंगे।

(B) सम्बन्धित महाविद्यालय सुनिश्चित रहें कि पूर्व परीक्षार्थियों (Ex-Student) के परीक्षा फॉर्म की हार्ड कॉपी उसी महाविद्यालय में जमा करें, जिस महाविद्यालय से वे नियमित परीक्षार्थी के रूप में अनुत्तीर्ण हुए थे। शपथ पत्र के अभाव में परीक्षा आवेदन पत्र स्वीकार्य नहीं होंगे।

(C) ऑनलाईन गेटवे के माध्यम से जमा शुल्क के परीक्षा फॉर्मों को ही स्वीकार करें। अन्य किसी माध्यम से जमा शुल्क के परीक्षा फॉर्मों को स्वीकार नहीं करें। यह जिम्मेदारी संबंधित महाविद्यालय की होगी।

महाविद्यालय में नियमित एवं पूर्व परीक्षार्थी के ऑनलाईन गेटवे द्वारा जमा परीक्षा शुल्क के पश्चात संकलित परीक्षा फॉर्मों की हार्ड कॉपी दो प्रतियों में मय दस्तावेज दिशा- निर्देश में वर्णित प्रक्रिया के अनुसार परीक्षा फॉर्मों को व्यवस्थित कर अनिवार्य रूप से परीक्षा फॉर्म निर्धारित तिथि तक महाविद्यालय को ही विश्वविद्यालय में जमा कराना होगा। जिसका यात्रा भत्ता देय नहीं होगा।

**<u>नोट</u>** :- महाविद्यालय लॉगईन करने एवं परीक्षा फॉर्म Verify करने सम्बन्धी समस्या के लिए हेल्पलाईन नम्बर 0144-2730321 पर सम्पर्क कर सकते हैं।

31. परीक्षा 2021 के लिए राजस्थान विश्वविद्यालय, जयपुर द्वारा निर्धारित परीक्षा शुल्क संरचना को स्वीकार किया गया है जो निम्नानुसार है :–

## FEE PAYABLE FOR PROFESSIONAL COURSES EXAM. 2020-21

| S.N. | Name of Exam | Regular | Ex- Student |
|---|---|---|---|
| 1. | **(Student already enrolled)**<br>B.Ed. Part- I | 3240/- | 3680/- |
| 2. | **(Student not enrolled)**<br>B.Ed. Part- I | 3860/- (including Enrl.+Elg. fee) | - |
| 3. | B.Ed. Part- II | 3470/- | 3910/- |
| 4. | B.Ed. Part- I (One due Paper) | 1630/- | - |
| 5. | B.Ed. Part- I (Two due Paper) | 2420/- | - |
| 6. | B.Ed. Part- I (Three due Paper) | 3240/- | - |
| 7. | LL.B. I-Year | 1480/- | 1780/- |
| 8. | LL.B. II-Year | 1780/- | 2000/- |
| 9. | LL.B. III-Year | 1920/- | 2220/- |
| 10. | LL.B. (One due Paper) | 750/- | - |
| 11. | LL.B. (Two due Paper) | 1120/- | - |
| 12. | LL.B.(Three due Paper) | Full Exam Fee (Class wise) | - |
| 13. | Fee for Physically Challanged Students | 600/- | 680/- |

## FEE PAYABLE FOR B.A./B.Sc.-B.Ed. Part-I, II, III & IV Courses Exam. 2020-21

| S.No. | Name of Exam | Regular | Ex- Student |
|---|---|---|---|
| 1. | **(Student already enrolled)**<br>B.A./B.Sc. B.Ed. Part- I | 1320/- | 1630/- |
| 2. | **(Student not enrolled)**<br>B.A./B.Sc. B.Ed. Part- I | **Non Raj. Board Students** | |
| | | 1940/- (including Enrl.+Elg. fee) | - |
| | | **Raj. Board Students** | |
| | | 1630/- (including Enrl. fee) | - |
| 3. | B.A./B.Sc.B.Ed. Part- II | 1320/- | 1630/- |
| 4. | B.A./B.Sc.B.Ed. Part- III | 2400/- | 2790/- |
| 5. | B.A./B.Sc.B.Ed. Part- IV | 2400/- | 2790/- |
| 6. | With Due Paper of B.A./B.Sc.- B.Ed. Pt.-I | 2400/- | 2790/- |
| 7. | B.A./B.Sc.B.Ed. Part- II (With due papers of Pt.-I) | 2450/- | 2880/- |
| 8. | B.A./B.Sc.B.Ed. Part- III (With due papers of Pt.-I & II) | 2880/- | 3320/- |
| 9. | B.A./B.Sc.B.Ed. Part- IV (With due papers of Pt.-I) | 2400/- | 2790/- |
| 10. | B.A./B.Sc.B.Ed. Part- IV (With due papers of Pt.-II) | 2450/- | 2880/- |
| 11. | B.A./B.Sc.B.Ed. Part- IV (With due papers of Pt.-I, II & III) | 2940/- | 4340/- |
| 12. | Fee for Divyang Persons | 600/- | 680/- |

In addition to above exam fee Rs. 150/- Per Practical Examination will be charged from the Regular & Ex-Student appearing in Professional Examinations (बी.एड़, बी.ए–बी.एड. /बी.एस.सी.–बी.एड़, एल.एल.बी.) for the Session 2020-21.

Ashutosh 17/6/21

**विश्वविद्यालय में नामांकन नहीं वाले (Not Enrolled) परीक्षार्थी निम्नानुसार शुल्क भुगतान करेंगे**

| S. No. | Enrollment Fee & Eligibility Fee | Fee for Session 2020-21 |
|---|---|---|
| 1. | Enrollment Fee | ₹ 310/- |
| 2. | Eligibility Fee (For those candidates who have passed their qualifying exam from other than the Board of Secondary Education Rajasthan) | ₹ 310/- |

**नोट :–**

(i) प्रत्येक नियमित छात्र द्वारा विकास शुल्क रू. 50/- तथा स्पोर्ट्स बोर्ड शुल्क रू. 50/- परीक्षा शुल्क के अतिरिक्त पृथक से देय होगा।

(ii) शारीरिक रूप से विकलांग, नेत्रहीन मूक बधिर (स्थाई/आंशिक) छात्रों को केवल परीक्षा शुल्क में छूट है। इस संबंध में कनिष्ठ विशेषज्ञ द्वारा हस्ताक्षरित प्रमाण–पत्र जो कि मेडीकल ऑफीसर से हस्ताक्षरित हो, आवेदन–पत्र के साथ संलग्न करना आवश्यक है। अन्य निर्धारित शुल्क देय होगा।

(iii) विश्वविद्यालय द्वारा निर्धारित उक्त परीक्षा शुल्क के अतिरिक्त संबंधित महाविद्यालय द्वारा अन्य कोई शुल्क परीक्षार्थियों से नही लिया जावें।

**परीक्षा नियंत्रक**

Ashutosh